कार्यालय जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती

कार्यालय आदेश

संख्या 04/2024 दिनांकः- 05.01.2024

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों के लिए वर्ष 2024 में अवकाश कैलेण्डर निर्गत किया गया है जिसमें यह निर्देशित किया गया है कि जनपद न्यायाधीश जिला मजिस्ट्रेट से परामर्श करके पांच दिन का स्थानीय अवकाश घोषित करेंगे तथा यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ रहे हैं तो जनपद न्यायाधीश अन्य दिवस पर उक्त के स्थान पर अवकाश घोषित कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में जिला मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती से परामर्श के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न तिथियों में स्थानीय अवकाश एवं द्वितीय शनिवार अथवा रविवार को पड़ने वाले अवकाश के स्थान पर निम्न अवकाश घोषित किया जाता है। श्रावस्ती जजशिप में सभी न्यायालय, कार्यालय, अनुभाग घोषित अवकाश के अनुसार बन्द रहेंगे।

सभी सम्बन्धित को सूचनार्थ आदेश की प्रति समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अध्यक्ष / महामंत्री, डिस्ट्रिक्ट मॉडल बार एसोसिएशन, श्रावस्ती एवं प्रशासनिक अधिकारीगण को प्रेषित हो तथा समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के मध्य परिचालित हो।

स्थानीय अवकाश की सूची

क्रमांक	अवकाश की तिथि	उपलक्ष्य	अवकाश का दिवस
01	15.01.2024	मकर संक्रान्ति	सोमवार
02	19.08.2024	रक्षाबंधन	सोमवार
03	16.09.2024	बारावफात	सोमवार
04	11.10.2024	महानवमी	शुक्रवार
05	15.11.2024	कार्तिक पूर्णिमा	शुक्रवार

उपरोक्त के अतिरिक्त द्वितीय शनिवार / रविवार को पड़ने वाले अवकाश के स्थान पर घोषित अवकाश की सूची:-

क्रमांक	तिथि व दिवस	उपलक्ष्य	घोषित अवकाश व दिवस	उपलक्ष्य
01	24.03.2024, रविवार	होली	26.03.2024, मंगलवार	होली
02	13.10.2024, रविवार	दशहरा	31.10.2024, वृहस्पतिवार	नरक चतुर्दशी

Sd/-
05.01.2024
(देवेन्द्र सिंह)
जनपद न्यायाधीश
श्रावस्ती

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती।

2- पुलिस अधीक्षक, श्रावस्ती।

3- श्रावस्ती जजशिप के समस्त न्यायालय एवं अनुभाग।

4- प्रभारी अधिकारी / अनुभाग अधिकारी।

5- अधीक्षक जिला कारागार बहराइच / श्रावस्ती।

6- अध्यक्ष / महामंत्री, डिस्ट्रिक्ट मॉडल बार एसोसिएशन, श्रावस्ती।

7- एक प्रति नोटिस बोर्ड पर।

(उपेन्द्र श्री राघवेन्द्र)
प्रशासनिक अधिकारी
जनपद न्यायालय, श्रावस्ती